Title: Need to open gas-based Fertilizer Factory in Barauni, Bihar- Laid.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): महोदय, बरौनी (बिहार) का खाद कारखाना वर्षों से बंद पड़ा है । उस पर आधारित कृषि एवं किसानों को खेती करने में अति कठिनाई हो रही है। पूर्व की केन्द्र सरकार ने अपरिहार्य रूप से बंद कर दिया था इसके विकल्प में गैस-आधारित कारखाने खोलने का विकल्प रखा गया था। जनता से बार-बार वाद किया जाता रहा, पर निराशा ही हाथ लगी ।

देश में कृषि कार्य में खाद की कमी और और उधार की खेती से किसान ठगा सा महसूस कर रहे हैं । मैं केन्द्रीय सरकार से मांग करता हूं कि बरौनी बिहार में गैस-आधारित कारखाने को चालू करने की कार्यवाही राÂष्ट्रीय प्राथमिकता में रखकर करें ।